STEPPING STONE
SCHOOL (HIGH)

CLASS: X

Worksheet - IX

Subject: Hindi Language **Date: 06-05-2020**

Topic: Comprehension **Time Limit: 30 mins**

प्रश्न 3. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यान से पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिन्दी में लिखिए। उत्तर यथासंभव आपके अपने शब्दों में होने चाहिए:–

बहुत दिनों की बात है। एक राजा के राज्य में एक गृहस्थ के घर एक लड़के का जन्म हुआ। माँ-बाप ने उसका नाम 'कुमार' रखा। कुमार के बड़े होने पर उसके माता-पिता ने उसका विवाह एक संपन्न परिवार की कन्या से कर दिया। कुछ दिन बाद उसके लड़के-लड़कियाँ भी हुए। फिर उनमें से प्रत्येक एक-एक कर गृहस्थ हो गए।

कुमार बड़ा भला आदमी था। वह कभी जीवहत्या नहीं करता, दूसरे की वस्तु न लेता, झूठ नहीं बोलता, कोई नशा न करता और दूसरों की पत्नी को माता के समान समझता था।

कुमार जिस गाँव में रहता था, वह एक बहुत छोटा गाँव था। उसमें केवल तीस गृहस्थों के घर थे। एक दिन सभी घर के गृहस्थों को किसी काम से कहीं मिलना था। पर गाँव में ऐसी जगह न थी जहाँ सभी एकत्र हो सकें। कुमार उन तीस में से एक था। सबके साथ एक जगह पहुँच कर उसने एक स्थान की धूल-मिट्टी को हटाकर साफ़ कर दिया। उस स्थान के साफ़ होते ही एक आदमी वहाँ आकर खड़ा हो गया। कुमार उससे कुछ न कहकर दूसरी जगह साफ़ करने लगा। इसके साफ़ होने पर तीसरा व्यक्ति आ गया। इस तरह एक-एक जगह साफ़ करते-करते वह एक-एक व्यक्ति के लिए जगह करता गया और अंत में सबके लिए जगह कर दी।

बाद में जिसका जो काम था, पूरा कर उन्होंने वहाँ एक चबूतरा तैयार किया। वहाँ वे युवा समय से आने, बैठने-उठने तथा आमोद-प्रमोद करने लगे। गाँव में कोई नया व्यक्ति आता तो वह भी वहीं जाता था। इस तरह उनके दिन व्यतीत होने लगे।

कुछ दिन बाद वहीं पर उन्होंने एक छोटा-सा घर बना लिया और उसमें बैठने-उठने के लिए एक चटाई आदि ज़रूरी वस्तुओं का संग्रह भी धीरे-धीरे कर लिया। इस तरह वे वहाँ समयानुसार आते, मिलकर बैठते और एक दूसरे का मनोरंजन करते। तड़के उठकर वे अपने घर में काम-काज कर लेते। फिर अपना खुरपा, हँसुआ, कुदाल लेकर घर से बाहर होते और चौरास्ते पर या और कहीं अगर काठ-पत्थर रहता तो हटा देते। गाड़ी या आदमी के जाने में यदि किसी प्रकार की बाधा की संभावना होती तो उसे काटकर फेंक देते या हटा देते। ऊँची-नीची जगहों को समतल कर देते। ज़रूरत होने पर पुल बाँध देते, तालाब खोद लेते और जिससे जो हो सकता था, दान करते थे। कुमार के गुणों से इस गाँव के सभी लोग प्रभावित थे।

दिन बीतने लगे। इधर गाँव के मुखिया ने सोचा कि बात क्या है, पहले तो गाँव वाले ऊधम मचाते थे, शराब पीते थे और शराब के कारण मेरी आमदनी भी हो जाती थी। शराब पी कर वे ग़लत काम करते थे और उसके लिए जुर्माना करने पर कुछ आमदनी हो जाती थी। पर इस कुमार ने गाँव को ऐसा बनाया कि ये न शराब पीते हैं, न जीव हिंसा करते हैं। सभी भले मानस हो गए। अच्छा, ठहरो! राजा के पास शिकायत लिखवा देता हूँ कि ये कैसे भलेमानस हैं ! सारी कमाई ही बन्द हो गई !

(i) कुमार कौन था? उसके किन गुणों के कारण गाँव में खुशहाली छा गई थी? [2]

(ii) कुमार ने सबसे पहले कौन-सा कार्य किया था? [2]

(iii) बाधा आने पर कुमार कैसे दूर करता था? इस बारे में अपने विचार भी लिखिए। [2]

(iv) मुखिया ने क्या सोचा? उसकी सोच को अपने शब्दों में लिखिए। [2]

(v) गद्यांश से मिली शिक्षा को लगभग दो वाक्यों में लिखिए। [2]